पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

(नैक द्वारा ग्रेड A+ प्रदत्त)

दूरभाष क्रमांक : (07752) 210312 फैक्स : (07752) 213073

www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in

क्र. 1053/ क्षे.से.प्र./2026 बिलासपुर, दिनांक 01/07/2026

प्रवेश अधिसूचना

शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून (2026 – 2027) के लिए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित निम्नलिखित पाठ्यक्रमों मे दूरवर्ती शिक्षा के अंतर्गत ऑनलाईन प्रवेश प्रारंभ किये जाते है।

- ऑनलाईन प्रवेश प्रारंभ होने की तिथि – 01 जुलाई 2026 पूर्वान्ह 10.00 बजे से।
- ऑनलाईन प्रवेश की अंतिम तिथि – 15 सितम्बर 2026 मध्यरात्रि 11:50 बजे तक ।

क	कार्यक्रम	कोड	पाठ्यक्रम का नाम	न्यूनतम अर्हता	अवधि
1	स्नातक	01	बैचलर ऑफ आर्ट्स (बी.ए.)	10+2	03 वर्ष (सेमेस्टर आधारित)
2		02	बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए.) – आनर्स	10+2 (वाणिज्य समूह)	04 वर्ष (सेमेस्टर आधारित)
3		03	बैचलर ऑफ कामर्स (बी. कॉम.) –आनर्स	10+2	04 वर्ष (सेमेस्टर आधारित)
4		04	बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.)	स्नातक (प्रवेश परीक्षा द्वारा चयन)	02 वर्ष
5		05	बैचलर आफॅ लाइब्रेरी एडं इंफॉर्मेशन साइंस (बी.लिब एण्ड आई.एस.सी.)	स्नातक	01 वर्ष
6		06	बैचलर आफॅ साइंस (बी. एस.सी.) – जीवविज्ञान	10+2 (जीवविज्ञान समूह)	03 वर्ष (सेमेस्टर आधारित)
7		07	बैचलर आफॅ साइंस (बी. एस.सी.) – गणित	10+2 (गणित समूह)	03 वर्ष (सेमेस्टर आधारित)
8	स्नातकोत्तर	21	मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.)– छत्तीसगढी	स्नातक	02 वर्ष
9		22	मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.)– शिक्षा	स्नातक	02 वर्ष
10		23	मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.)–अँग्रेजी	स्नातक	02 वर्ष
11		24	मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.)– हिंदी	स्नातक	02 वर्ष
12		25	मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.)– गणित	स्नातक	02 वर्ष
13		26	मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.)– राजनीति विज्ञान	स्नातक	02 वर्ष
14		27	मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.)–संस्कृत	स्नातक	02 वर्ष
15		28	मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.)– समाजशास्त्र	स्नातक	02 वर्ष
16		29	मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.)	स्नातक	02 वर्ष (सेमेस्टर आधारित)
17		30	मास्टर ऑफ कामर्स (एम.कॉम.)	स्नातक (वाणिज्य समूह)	02 वर्ष
18		31	मास्टर ऑफ लाईब्रेरी एन्ड इनफॉरमेशन साइंस (एम.लिब एण्ड आई.एस.सी.)	बी. लिब एण्ड आई.एस.सी	01 वर्ष
19		32	मास्टर ऑफ साइंस (एम.एस.सी.) – कम्प्यूटर साईंस	बी.एस.सी– सी.एस./बी. सी.ए./बी.ई –सी.एस. /बी.टेक.– सी.एस.	02 वर्ष

20	स्नातकोत्तर	33	मास्टर ऑफ साइंस (एम.एस.सी.) – गणित	बी.एस.सी.गणित / बी.ई	02 वर्ष
21		34	मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस.डब्ल्यू.)	स्नातक	02 वर्ष
22		35	मास्टर ऑफ साइंस (एम.एस.सी.) – वनस्पति विज्ञान	बी.एस.सी. (वनस्पति समूह)	02 वर्ष
23		36	मास्टर ऑफ साइंस (एम.एस.सी.) – जन्तु विज्ञान	बी.एस.सी. (जन्तु समूह)	02 वर्ष
24	पी.जी. डिप्लोमा	51	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन (पी.जी.डी.सी.ए.)	स्नातक	02 वर्ष
25	डिप्लोमा	61	डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन (डी.सी.ए.)	10+2 हायर सेकेण्डरी	01 वर्ष
26		62	डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.)	10+2 (प्रवेश परीक्षा द्वारा चयन)	02 वर्ष
27		64	रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा	10+2 हायर सेकेण्डरी	01 वर्ष
28		65	डिप्लोमा इन योग साइंस (डी.वाय.एस.)	स्नातक	01 वर्ष

टीप:–

a) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित **MBA** एवं **PGDCA** पाठ्यक्रमों में प्रवेश मेरिट के आधार पर सीधे प्रदान किया जायेगा। यदि किसी सत्र में प्राप्त आवेदनों की संख्या स्वीकृत सीटों की संख्या से दो गुना या अधिक होती है तो ऐसी स्थिति में **Pre-Entrance** आयोजित किया जायेगा। यह नियम विश्वविद्यालय के उन सभी पाठ्यक्रमों जिनमें सीट निर्धारित है उनमे लागू होगा। अन्यथा राज्य शासन/यूजीसी के दिशा– निर्देशो का पालन करते हुए सीधे मेरिट के आधार पर प्रवेश लागू किया जायेगा।

b) बी.ए. , बी.एस.सी , बी.कॉम. **(HONS.)** , बी.बी.ए. **(HONS.)** स्नातक प्रमाण पत्र –प्रथम वर्ष दो सेमेस्टर , स्नातक डिप्लोमा –दो वर्ष चार सेमेस्टर , स्नातक डिग्री –तीन वर्ष छः सेमेस्टर , स्नातक आनर्स डिग्री –चार वर्ष आठ सेमेस्टर ये दोनों राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्णित निर्देशों पर सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम हैं।

c) शैक्षणिक सत्र जून से जुलाई 2026–27 में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के छात्र भी प्रवेश ले ।

d) विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.pssou.ac.in** में देखा जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु दिशा–निर्देश

1. सर्वप्रथम अभ्यर्थी अपना **ABC ID** तथा **DEB ID** बनाना सुनिश्चित करे।
2. ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के फार्म सही ढंग से भरने के लिए वि.वि. की वेबसाइट **http://pssou.ac.in** या **https://www.pssou.net/portal/** में विजिट कर **Online Admission** लिंक पर क्लिक करें।
3. ऑनलाइन फार्म भरने हेतु छात्र निम्न में से आवश्यक दस्तावेजो की स्कैन कॉपी अपने साथ तैयार रखें – 10 वीं एवं अंतिम शैक्षणिक योग्यता, पात्रता प्रमाण–पत्र, प्रवजन प्रमाण–पत्र, चालान प्रति पासपोर्ट साइज कलर फोटो एवं अपना हस्ताक्षर ।
4. ऑनलाइन फार्म भरते समय हिंदी में अपना नाम, पिता/पति का नाम एवं माता का नाम स्पष्ट भरें तथा सुनिश्चित करे कि नाम हिंदी में ही हो इसी के आधार पर प्रमाण–पत्र जारी किए जायेंगे।
5. छात्र प्रवेश फार्म में दी गई समस्त जानकारी (पाठ्यक्रम विवरण, अध्ययन–केंद्र, विषय आदि) सावधानी पूर्वक भरें तथा आवश्यक दस्तावेज, फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करें।
6. निर्धारित प्रवेश शुल्क का भुगतान दो प्रकार से किया जा सकेगा–
   - ❖ ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से – क्रेडिट/डेबिट कार्ड **(ATM Card)**, इंटरनेट बैंकिंग।
   - ❖ बैंक चालान के माध्यम से (ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा) एवं यूपीआई **(UPI)** के माध्यम से।
   - ❖ प्रवेशार्थी को निः शुल्क पोर्टल की सुविधा है, प्रवेशार्थी से किसी भी प्रकार का पोर्टल शुल्क नही लिया जाएगा।
7. यदि विद्यार्थी चालान से भुगतान करना चाहता है तो विद्यार्थी पहले चालान द्वारा बैंक में शुल्क जमा करें तत्पश्चात् बैंक चालान लेकर प्रवेश फार्म भरें। जहाँ शुल्क भुगतान विवरण में चालान द्वारा शुल्क भुगतान

को क्लिक करें, तथा चालान में अंकित बैंक का नाम जर्नल क्रमांक एवं चालान जमा करने का दिनाँक एवं राशि का विवरण भरना होगा। चालान को स्केन कर अपलोड कराना होगा ।

8. ऑनलाइन शुल्क का भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् विद्यार्थी भरे गए प्रवेश फार्म का स्लिप प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रखें।
9. छात्रों के प्रवेशित फार्म एवं जमा शुल्क का सत्यापन क्षेत्रीय–केंद्रों में स्वतः होगा। फार्म एवं शुल्क वैध न पाये जाने पर विद्यार्थी को आपत्तियो की जानकारी SMS के द्वारा दी जावेगी तथा विद्यार्थी को इन आपत्तियों का निराकरण एक सप्ताह में पूरा करना होगा। अन्यथा विद्यार्थी को प्रवेश की पात्रता प्राप्त नहीं होगी, जिसका जिम्मेदार विद्यार्थी स्वयं होगा।
10. ऑनलाइन प्रवेश/पंजीयन प्रक्रिया अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2026 मध्यरात्रि 11:50 बजे तक।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्र.1054/RSD/26 बिलासपुर, दिनांक 01/07/2026

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल के प्रमुख सचिव को माननीय राज्यपाल के सूचनार्थ।
2. सचिव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सूचनार्थ।
3. सचिव छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग को सूचनार्थ।
4. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय को सूचनार्थ।
5. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
6. परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।
7. वित्ताधिकारी को सूचनार्थ।
8. प्रभारी समस्त क्षेत्रीय केन्द्र बिलासपुर/ अम्बिकापुर/ रायपुर/ जगदलपुर/ दुर्ग/ जशपुर/ कॉकेर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
9. प्रभारी ऑनलाईन सर्वर/ वेब सेल शाखा की ओर सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आदेश को विश्वविद्यालय की वेब साईट में अपलोड करें एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
10. विभागीय नस्ती हेतु।

क्षेत्रीय निदेशक
क्षेत्रीय सेवा प्रभाग